# रेल प्रशासन ने किया आम रास्ता बंद

**खास बातें**

- जनहित में रास्ता दिए जाने की मांग
- आवागमन न होने से नागरिक हो रहे परेशान



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 5 अगस्त, सांसद शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल डीआरएम रेलवे के अधिकारियों से की चर्चा और आम रास्ता बंद कर बाउंड्री वॉल बनाए जाने पर जताया विरोध और कहा जनहित में रास्ता दिया जाए. ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो.**

स्थानीय स्टेशन प्रबंधक को मिला मौखिक आदेश रास्ता देने का इसकी सूचना स्थानीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी को भी दी गई.आज रेलवे स्टेशन पर विधायक पहुंचे. उनके साथ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, वरिष्ठ पार्षद सौदान सिंह यादव, पार्षद जगदीश व्यास, मंजू कुशवाह, भाजपा नेता जगदीश गुप्ता, देवेंद्र यादव, श्रीमती सरिता रघुवंशी, रूपेंद्र शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद थे.मछली मार्केट के निकट यह रास्ता खोलने की प्रक्रिया शुरू की. अब यहां से वाहन भी निकल सकेंगे.वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 के निवासियों को रेलवे स्टेशन पहुंचने में सुविधा होगी इसके अलावा कचरा वाहन भी निकल सकेंगे.

विधायक से वार्ड के लोगों ने कहा मेन रोड से जुड़ने के लिए जो आम रास्ता वार्ड 1, 2 से निकला था जिस पर अतिक्रमण हो चुका है उसे भी हटाया जावे ताकि सीधे तौर पर आवागमन हो सके दूसरा गेट मंदिर के पास से खोला जावे ताकि यहां के नागरिक भी रेलवे स्टेशन से सीधे तौर पर जुड़ सकें.पार्षद मंजू कुशवाह ने वार्ड की समस्याओं से विधायक तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को अवगत कराया और कहा की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो वह नागरिकों के साथ विरोध करने सड़कों पर उतरेंगी. रेलवे की बाउंड्री वॉल तोड़ने और रास्ता देने की मांग पूरी होने पर पार्षद सौदान सिंह यादव, मंजू कुशवाह, जगदीश व्यास ने सभी का आभार माना.रेलवे की बाउंड्री वॉल तोड़ने की मांग को लेकर फ्रीगंज वार्ड के नागरिक विधायक तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष से चर्चा की. वार्ड 1, 2, 3 के पार्षद भी इस अवसर पर मौजूद थे.

# रमपुरा ग्राम में बाढ़ से फसल हुई नष्ट ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर मांगा मुआवजा

नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर 5 अगस्त,विगत दिनों हुई भीषण बारिश से ग्राम रमपुरा में वावना नदी में बाढ़ आ गई थी जिससे किसानों की सोयाबीन की फ़सल पूर्ण रूप से नष्ट हो गई है.मंगलवार को जन सुनवाई में पहुंचे रमपुरा के किसानों ने एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय को ज्ञापन सौंपकर हल्का पटवारी से सर्वे करवा कर मुआवजा एवं राहत राशि की मांग की.**



ज्ञापन में किसानों ने कहा कि विगत 27 जुलाई से 30 जुलाई तक ग्राम रमपुरा की वावना नदी एवं उसके सहायक नाले में बाढ़ आ गई थी, पानी खेतों में घुस गया था, जिसके ग्राम रमपुरा के किसानों की सोयाबीन की फ़सल नष्ट हो गई है, जिसका सर्वे होकर राहत राशि मुआवजा मिलना न्यायहित में है, ज्ञापन में मांग की गई कि आवेदन पर सहानुभूति पूर्वक स्वीकृति प्रदान कर हल्का पटवारी से सर्वे करवा कर नष्ट हुई सोयाबीन की फ़सल का मुआवजा राहत राशि दिलाई जाये, उल्लेखनीय है की वर्ष 2 हज़ार में भी रमपुरा में भीषण बाढ़ आई थी, जिससे ग्राम रमपुरा के कई घर बह गए थे.इस साल फिर बाढ़ ने रमपुरा में भारी नुकसान किया है, बाढ़ का पानी 3 दिन तक खेतों में घुसा रहा जिससे लाखों रूपये किसानों को भारी नुकसान हुआ है एवं सोयाबीन की फ़सल बह गई है, ज्ञापन में किसानों ने शासन से सर्वे उपरांत राहत राशि और मुआवजे की मांग की है, इस मौके पर राघवेंद्र शर्मा एडवोकेट, अंशुल कुमार, गणेशराम, भगवान सिंह, हिरदेश, कालूराम, चरणसिंह, राधेलाल, दलसिंह, फूलसिंह, ब्रजलाल, शिवराज, रूपसिंह सहित रमपुरा के किसान उपस्थित थे.

## एक नजर में

### एक प्रकरण में नगद इनाम की घोषणा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा फरार आरोपियों की सूचना देने वालो को दो-दो हजार प्रत्येक पर रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है.सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा. पुलिस अधीक्षक श्री काशवानी के द्वारा जारी इनाम उदघोषणा आदेश में उल्लेख है कि थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 462/2022 के फरार आरोपियों में साईनाथ पाटिल, दत्ता नामदेवराव काले, परमेश पाटिल प्रोपराइटर डेनिम हब लाईफ स्टाईल प्रायवेट लिमिटेड हैदराबाद तेलंगाना की सूचना देने वाले को दो-दो हजार प्रत्येक पर रूपए की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है.

### ईव्हीएम गोडाउन का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार मासिक रूटीन तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईव्हीएम गोडाउन का निरीक्षण किया. इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मोहिनी शर्मा, इलेक्शन सुपरवाईजर नरेन्द्र कुमार भांगरे भी साथ मौजूद रहे.

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन 20 तक

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नवीन आवेदन के लिए एमपी टास पोर्टल 5 से 20 अगस्त तक पुन: खोला गया है. विभाग की सहायक संचालक श्रीमती संगीता जायसवाल ने ऐसी सभी शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यो से कहा कि उनकी संस्था के ऐसे विद्यार्थी जो किन्हीं कारणों से छात्रवृत्ति के आन लाइन आवेदन नहीं कर पाए थे उन सब के लिए यह सुनहरा



# कन्या माध्यमिक स्कूल में हुआ साइकिलों का वितरण

नवभारत न्यूज

**पठारी,** शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में शासन की योजना के अंतर्गत 14 छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया.साइकिल वितरण कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष हरिनेश यादव सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी उपसरपंच प्रतिनिधि युगल किशोर व्यास द्वारा किया गया एवं स्मार्ट क्लास का भी उद्घाटन किया गया इसके साथ ही जन्म प्रतिनिधियों गणमन नागरिकों के सहयोग से एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधा रोपण भी किया गया। प्रधान अध्यापक निरंजन सिंह बागड़ी ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार के सहयोग से स्मार्ट क्लास योजना शुरू की गई है इसी के तहत आज विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया. जनप्रतिनिधियों द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही शिक्षा विभाग की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला.साइकिल लेने के बाद छात्राओं ने कहा कि अब स्कूल आने जाने में समय की बचत होगी. यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग की बालिका एवं ग्रामीण छात्र प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया.इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को स्कूल आने जाने में सुविधा प्रदान करना है.इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश नारायण रिछारिया,अंगूरी राय ,मुकेश विश्वकर्मा, शैलेंद्र चौधरी ,अमित सहेले, अमित शर्मा सहित जन शिक्षक एवं पलक गण मौजूद रहे.

# मगधम इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस चुनाव संपन्न

**छात्र परिषद् का गठन**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, मगधम इंटरनेशनल स्कूल में लोकतंत्र का उत्सव मनाते हुए 23 जुलाई को इंटर हाउस इलेक्शन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इस चुनावी प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रतिनिधियों का चयन पूर्ण पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ किया.**

यह पहल न सिर्फ नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करती है, बल्कि विद्यार्थियों को ज़िम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी प्रेरित करती है.विद्यार्थी परिषद् का गठन इस प्रकार किया गया है. हेड बॉय- सक्षम मीणा,हेड गर्ल अविका दुबे,कल्चरल कैप्टन- निशा नागरवार,स्पोर्ट्स कैप्टन- मयंक पिंजवानी चारों सदनों के लिए चुने गए कप्तान और उपकप्तान अग्नि सदन कप्तान दिशा शर्मा,वाइस कैप्टन ऋषिता कपूर, वायु सदन कप्तान सोमिल दुबे, वाइस कैप्टन काव्या कांसवा, पृथ्वी सदन कप्तान- सेजल श्रीवास्तव, वाइस कैप्टन कृष्णा शर्मा, जल सदन,कप्तान आरव गुप्ता, वाइस कैप्टन प्राची जाट, विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक समुदाय ने नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल नेतृत्व की कामना की.विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति रचना नायर ने कहा कि यह चुनाव विद्यार्थियों में नेतृत्व, निर्णय क्षमता और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल है.हमें गर्व है कि हमारे छात्र इतनी परिपक्वता और उत्साह के साथ इस प्रक्रिया का हिस्सा बने.



# बैंकों की सुरक्षा का जायजा लेने पहुंची पुलिस

**कानून व्यवस्था बनाए रखने सख्ती शुरू**

नवभारत न्यूज

**सांची,नगर में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है.जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी के नेतृत्व में सांची पुलिस ने बीते दिनों से लगातार कार्रवाई शुरू कर दी है.**कुछ दिन पूर्व जहां होटल और लॉज संचालकों को अवैध गतिविधियों पर चेताया गया. वहीं हाल ही में सटोरियों पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया.जुआरियों पर भी दबिश दी गई और कड़ी चेतावनी दी गई है.इसी क्रम में आज पुलिस टीम द्वारा नगर स्थित बैंकों का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान पुलिस ने बैंक अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की भी जांच की. बैंक में लेनदेन करने वाले ग्राहकों को भी सतर्क रहने और किसी भी संदेहास्पद व्यक्ति अथवा गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया.

# बैंक आरआरसी पोर्टल संबंधी प्रशिक्षण आठ को आयोजित

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार बैंक आरआरसी पोर्टल पर लंबित आरआरसी के आवंटन, मॉग पत्र इत्यादि कार्य सम्पादन हेतु शुक्रवार 8 अगस्त की दोपहर 2 बजे से ई-दक्ष केन्द्र कलेक्ट्रेट विदिशा मे प्रशिक्षण रखा गया हैं.कृपया प्रशिक्षण मे समस्त तहसीलदारों आन लाइन आरआरसी कार्य से प्रशिक्षित किया जायेगा.तहसीलों में उक्त सम्पादित कर रहे आपरेटर को आवश्यक रूप से नियत तिथि, समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर द्वारा जारी किए गए हैं.

# दांगी समाज में मृत्यु भोज बंद करने की हुई सकारात्मक पहल

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,**मृत्यु भोज समाज में कुरीति के रूप में जाना जाने लगा है, हवन गंगाजली पूजन के उपरांत समाज के अंदर जो मृत्यु भोज की परंपरा चल रही थी.उसको तोड़ने की सकारात्मक पहल करते हुए यहां जिला पंचायत के पूर्व सदस्य प्रतिनिधि लाखन सिंह दांगी करैया ने बताया कि वह अपने परिवार से मृत्यु भोज बंद करने की पहल कर रहे हैं.भाजपा के वरिष्ठ नेता लाखनसिंह ने बताया कि उनके छोटे भाई ब्रह्मानंददांगी का गत दिनों निधन हो जाने पर अब 6 अगस्त को हवन के साथ गंगाजली पूजन के उपरांत सभी लोगो के द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित की जावेगी.इस कार्यक्रम में क्षेत्र के दांगी क्षत्रिय समाज बंधुओ के द्वारा भी सहमति व्यक्त की गई.दागी समाज बंधुओ ने मृत्यु भोज बंद करने के इस कदम को समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बताते हुए सराहना की गई है.

# ट्रिनिटी कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ इनवेस्टिचर समारोह

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** ट्रिनिटी कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इनवेस्टिचर समारोह पूरे उत्साह, उल्लास और गरिमा के साथ आयोजित किया गया.यह समारोह स्कूल के छात्रों को विभिन्न नेतृत्व पदों की जिम्मेदारियां सौंपने और उनमें नेतृत्व गुणों का विकास करने के उद्देश्य से संपन्न हुआ. समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं विशेष अतिथि कर्नल विकास गुप्ता एमपी14 बटालियन एवं प्राचार्य सिस्टर जोसफेना , मैनेजर सिस्टर अनी विल्सी , उप प्राचार्या सिस्टर बीना एवं अन्य सिस्टर्स द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई.

इस अवसर पर हेड बॉय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन, हाउस कैप्टन एवं अन्य पदों के लिए चयनित छात्र-छात्राओं को विशेष बैज प्रदान किए गए और उन्हें उनकी जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं. सभी छात्र-नेताओं ने सेवा और अनुशासन के मूल मंत्र को आत्मसात करने की शपथ ली.छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें



नृत्य, गीत ने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया.इन प्रस्तुतियों ने छात्रों की रचनात्मकता और प्रतिभा को उजागर किया. मुख्य अतिथि आदरणीय पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा बच्चो को नशा मुक्त जागरूकता के लिए सम्बोधित किया गया.प्रधानाचार्य सिस्टर जोसफेना का प्रेरणादायक संबोधन ने छात्र परिषद के सभी सदस्यों को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएँ दीं और उन्हें ईमानदारी, समर्पण और नेतृत्व के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी.आयोजन विद्यालय में अनुशासन, नेतृत्व और सामूहिक भावना के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ. उक्त जानकारी प्राचार्या सिस्टर जोसफेना केआर ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल ने दी.

**बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पेक्स हिनोतिया**

पंजीयन 95/3/1/61 — दिनांक 4/8/2025

**वार्षिक सूचना पत्र**

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित हिनोतिया के सभी अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा का आयोजन दिनांक 20/8/2025 दिन बुधवार को दोपहर एक बजे से संस्था गोदाम भवन हिनोतिया में संस्था के ठहराव क्रमांक 113 दिनांक 5/8/2025 के अनुसार तय की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आम सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**लालता प्रसाद दीक्षित**
समिति प्रबंधक
बीपेक्स हिनोतिया

**किशोर कुमार अहिरवाल**
प्रशासक
बी पेक्स हिनोतिया

- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

नि:शुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

**बजने लगा है**

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो RADIO

प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से







**काउंसलिंग** — अवसर ज्यादा होने से कोर ब्रांचेस में विद्यार्थियों का रुझान बढ़ा, एसएटीआई के 425 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ

# इंजीनियरिंग में एडमिशन का मौका, कॉलेज लेवल काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने एमपी बोर्ड 12वीं गणित संकाय में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, लेकिन कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण वे इंजीनियरिंग करने के बारे में सोच भी नहीं पा रहे है, वे भी एसएटीआई में प्रवेश लेकर मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना का लाभ प्राप्त कर सफल इंजीनियर बन सकते हैं.एसएटीआई में कुछ चुनिंदा ब्रांचों में सीट खाली हैं, जिनमें प्रवेश के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है. संस्था स्तर की काउंसलिंग के रजिस्ट्रेशन 2 अगस्त से 5 अगस्त तक डीटीई की वेबसाईट पर होंगे तथा 6 अगस्त को एसएटीआई में प्रवेश दिया जाएगा.प्रवेश से शेष रहे विद्यार्थियों के लिए पुन: संस्था स्तर की काउंसलिंग के रजिस्ट्रेशन 7 अगस्त से 10



अगस्त तक एवं 12 से 14 अगस्त तक होंगे तथा 11 और 14 अगस्त को एसएटीआई में प्रवेश दिया जाएगा. इन्ही तिथियों में बी.टेक के साथ-साथ एम.टेक, बीबीए, एमबीए और एमसीए कोर्स में भी एडमीशन दिये जाएंगे.

उल्लेखनीय है कि बी.टेक की कोर ब्रांच इलेक्ट्रिकल, सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन में भी अब रोजगार के बढ़िया अवसर हैं. सत्र 2024-25 में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में 10 कंपनियों में 42 बच्चों का केम्पस सिलेक्शन हुआ है. वहीं मैकेनिकल ब्रांच के 19 कंपनियों में 79 विद्यार्थियों, इलेक्ट्रिकल ब्रांच में 13 कंपनीज में 31 विद्यार्थियों एवं सिविल में 6 कंपनीज में 16 विद्यार्थियों का केम्पस सिलेक्शन हुआ है. इन ब्रांचेस में कई विद्यार्थियों को एक से अधिक जॉब ऑफर प्राप्त हुये हैं.जनसंपर्क अधिकारी डॉ. आशीष मानोरिया ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिन्हें डीटीई की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करने में कोई परेशानी आ रही है, वे भी कार्यालयीन समय में एसएटीआई पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना का लाभ लेने वाले विद्यार्थियों की पूरी ट्यूशन फीस मध्य प्रदेश शासन द्वारा वहन की जाएगी.गरीब तबके के विद्यार्थियों के लिए यह बेहतरीन मौका है, जिसका लाभ उठाकर वे इंजीनियरिंग में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं. मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना के तहत ऐसे विद्यार्थी जिसके परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रूपये से कम है तथा 12वीं गणित संकाय में मप्र बोर्ड के 70 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले अथवा सीबीएसई परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक लाने वाले तथा जेईई मेन्स की परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों को शामिल किया जा रहा है.इन मेधावी विद्यार्थियों की फीस मध्य प्रदेश शासन वहन करेगा. इसके अतिरिक्त कोर ब्रांच के विद्यार्थियों को एआईसीटीई की यशस्वी छात्रवृद्धि मेरिट के आधार प्राप्त करने का अवसर मिलता है. संस्था के डायरेक्टर डॉ. वायके जैन ने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग जबरदस्त उछाल का अनुभव कर रहा है, और अब इसका हिस्सा बनने का सही समय है.भारत सेमीकंडक्टर निर्माण और नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र बनने के लिए तैयार है, जिसमे संस्था द्वारा प्रदान कि जा रही कोर ब्रांच जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रिकल, सिविल, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ब्रांच के इंजीनियर के लिए रोजगार के अवसर बहुत बढ़ेंगे.